राजस्थान सरकार
उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, कोटा
ईमेल–sreo.kot.emp@rajasthan.gov.in फोन.0744–2323132

क्रमांक :– रो.स.शिविर / अगस्त 2025 / 868–70 दिनांक : 20.08.2025

1. कुलसचिव, वर्धमान महावीर विश्वविद्यालय, कोटा।
2. कुलसचिव, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।
3. कुलसचिव, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।

**विषय : ''रोजगार सहायता शिविर'' कोटा दिनांक 26 अगस्त 2025 के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के निर्देशानुसार दिनांक **26.08.2025** को एक दिवसीय ''रोजगार सहायता शिविर'' का आयोजन ''**ग्रामीण हाट, कला दीर्घा के सामने राजकीय संग्रहालय के पास नयापुरा, कोटा** ' में किया जाना प्रस्तावित है । इस क्रम में आशार्थियों के पंजीयन हेतु क्यू.आर. कोड का इस पत्र के साथ सलंग्न कर भिजवाया जा रहा है।

सलंग्न क्यू.आर. कोड का प्रिन्ट निकाल कर आपके संस्थान परिसर में नोटिस बोर्ड / सहज दृश्य स्थान पर चस्पा कर **रोजगार सहायता शिविर** हेतु अधिकाधिक युवाओं का रजिस्ट्रेशन करने में सहयोग प्रदान करें एवं साथ ही युवाओं को रोजगार सहायता शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

भवदीय,

सलंग्न–क्यू आर कोड

(मनोज कुमार पाठक)
उप निदेशक

# उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, कोटा

# रोजगार सहायता शिविर

## दिनांक– 26 अगस्त 2025

समय–प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक

स्थान – ग्रामीण हाट, कला दीर्घा के सामने राजकीय संग्रहालय के

पास नयापुरा, कोटा

आप रोजगार सहायता शिविर में रजिस्ट्रेशन करने के लिए ऊपर दिये गये **QR** कोड को किसी भी **QR** कोड स्केनर (जैसे **Google lens, QR Code Scanner** आदि) से स्केन करें।